जीवन का भरोसा नही कब मौत आ जायेगी

जीवन का भरोसा नही कब मौत आ जायेगी
काया और माया तेरी तेरे साथ न जाएगी ॥

काया पे गुमान न कर ये माटी का खिलौना है ॥
तेरा और मेरा छोड़ तेरी जीवन ज्योति बुझ जायगी ॥
काया ओर माया तेरी.......

दौलत पे गुमान न कर ये हाथ का मैंला है ॥
राजा है या रंक कोई सब किस्मत का खेला है ॥
झूठी है ये माया नगरी सब पल में पल में पलट जाएगी॥
काया और माया तेरी........

दो दिन का मेला है सब माया का ठेला है॥
जाए नही साथ कोई.तुजे जाना अकेला है ॥
पलक झपकते ही.दुनिया तुझे ठुकराएगी ॥
काया ओर माया तेरी.......

रिस्तो का भरोसा न कर दुनिया से तू आशा न कर ॥
तुझे तरना हो भव सागर गुरु जी का तू सुमिरन कर॥
भक्ति की शक्ति से तेरी जीवन नैया तर जायेगी॥
काया और माया तेरी.......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/3936/title/jeewan-ka-bharosa-nhi-kab-maut-aa-jayegi-kaaya-or-maaya-teri-tere-sath-na-jayegi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |